## एक नजर में



### 3 किमी क्रॉस कंट्री में दौड़े 300 खिलाड़ी

**उज्जैन।** मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था उज्जैन द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद जयंती के उपलक्ष्य में ग्रामीण प्रतिभा खोज 3 कि मी क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में लगभग ग्रामीण क्षेत्रों के 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तकशिंदा पब्लिक स्कूल के संयोजन में आयोजित दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम स्थान हर्ष मालवीय, द्वितीय आयुष चौहान तथा तृतीय हर्षित लोहाना ने प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रोशनी योगी, द्वितीय तमन्ना परमार तथा तृतीय फ़रीम मेव ने प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि तकशिंदा स्कूल प्रतिनिधि योगेश विश्वकर्मा एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा नकद पुरस्कार मेडल एवं शील्ड द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था के कोषाध्यक्ष सतीश गोठी ने बताया कि हम लगभग 4 वर्ष से ऐसे खेल आयोजन कर रहे हैं। संस्था द्वारा कई खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। संस्था के सचिव रवि पाटीदार ने अपने उद्बोधन में बताया कि हम गांव से ग्रामीण प्रतिभाओं को खोज कर उच्च स्तर पर ले जाने का कार्य कर रहे है तथा उनके लिए हमारी भविष्य की योजनाएं है की संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ही खेल प्रशिक्षण के लिए सेंटरों का निर्माण किया जाए एवं विशिष्ट प्रशिक्षक की व्यवस्था की जाए तथा खिलाड़ियों के लिए आर्थिक सहायता देने के लिए स्कॉलरशिप देने की योजना बनाई जाए। कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे। संचालन विशाल पाटीदार द्वारा किया गया। आभार संस्था उपाध्यक्ष धीरज जाट द्वारा व्यक्त किया गया। यह जानकारी संस्था अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी द्वारा दी गई है।



### सेवानिवृत्ति होने पर कंसोटिया का अभिनंदन

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश अजाक्स के प्रान्तीय अध्यक्ष जेएन कंसोटिया साहब का सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश भर के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। अजाक्स के सम्भाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि कंसोटिया के मार्गदर्शन में अजाक्स चला गांव की ओर जागो समाज जागो अन्य कई प्रकार के मुद्दों को लेकर समाज के बीच काम करने का मौका हमें प्राप्त हुआ। सभी पदाधिकारी हम अपने आप को गौरवान्वित समझ रहे हैं। प्रान्तीय अध्यक्ष कंसोटिया के सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर उज्जैन संभाग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कंसोटिया का पुष्पमालाओं पुष्पगुच्छों से अभिनंदन किया। इसी दौरान भोपाल में बनाए गए नए भवन को लेकर भी आभार व्यक्त किया गया। प्रदेश में सामाजिक समानता की दिशामें लगातार काम किया जा रहे हैं। इस मौके पर अजाक्स के प्रदेश महासचिव गौतमजी पाटिल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती निर्मला पाटिल, एमसी अहिरवार, सम्भागीय सचिव विक्रम परमार, हेमराज गोखले, पिरुलाल मालवीय, डॉ आरएल परमार, रमाकांत गोयल, रमेश सिंधल, आरआर हरयाले, गोकुल नागदिया, प्रवीण गेहलोत, हीरालाल एरवाल, छात्र संघ अध्यक्ष डॉ. प्रियंका जाटव, केशर देवी सहित प्रदेश कार्यकरणी के साथ सभी जिलो के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### आज होगी संडे ऑन साइकिल राइड

**उज्जैन।** खेल दिवस के उपलक्ष्य में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट, सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल और उज्जैन डिस्ट्रिक्ट साइकलिंग ऐसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आज 31 अगस्त को संडे ऑन साइकिल राइड कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार सुबह 7 बजे तिरंगा प्वाइंट, तरण ताल स्क्वायर, देवास रोड से साइकिल रैली प्रारंभ होगी। इस अवसर पर शहरभर के खेलप्रेमी और साइकिलिंग प्रेमी एकजुट होकर हर गली, हर मैदान – खेले सारा हिंदुस्तान तथा खेले भी, खिले भी जैसे नारों के साथ राष्ट्रीय एकता और खेल भावना का संदेश देंगे। साइकिल रैली तरणताल, कोठी महल, देवास रोड, महानंदा नगर, कॉसमॉस मॉल, नानाखेड़ा चौराहा, तीन बत्ती, टॉवर, घास मंडी, संजीवनी अस्पताल से होते हुए वापस तिरंगा पॉइंट पहुंचेगी। आयोजकों ने बताया कि यह रैली न केवल मेजर ध्यानचंद के योगदान को याद करने का अवसर है, बल्कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का भी माध्यम बनेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक, खिलाड़ी और सामाजिक संगठन इसमें भाग लेंगे और खेलों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेंगे।

### देशभक्ति और प्रेरणा से भरी नई शुरुआत

**उज्जैन।** ओरिएंटल यूनिवर्सिटी, में दीक्षारंभ छात्र नव प्रवेशित कार्यक्रम 2025 बड़े उत्साह, गर्व और देशभक्ति के माहौल में आयोजित किया गया। पूरा सभागार छात्रों से खचाखच भरा हुआ था, जहां नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने अतिथियों का स्वागत गगनभेदी नारों भारत माता की जय और वंदे मातरम से किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे पूर्व मार्कोस कमांडो प्रवीण कुमार तेवतिया (शौर्य चक्र विजेता एवं मोटिवेशनल स्पीकर) और आरजे नवनीत (एवार्ड-विनिंग आरजे एवं मोटिवेशनल स्पीकर)। दोनों ने मिलकर कार्यक्रम को प्रेरणादायी और साथ ही छात्रों के लिए सहज एवं रोचक बना दिया। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के जांबाज़ योद्धा प्रवीण तेवतिया ने उस कठिन ऑपरेशन और बंधक परिस्थितियों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन अनिश्चित है पर साहस और अनुशासन ही असली ताक़त है। उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष और आत्मपरिवर्तन की कहानी सुनाते हुए बताया कि कैसे उन्होंने हमले से बचने के बाद खुद को नई चुनौतियों के लिए तैयार किया और दौड़, तैराकी और साइक्लिंग में विश्वप्रसिद्ध आयरनमैन की 4 उपाधियां प्राप्त कीं। आज वे एक कमांडो टैक्टिकल ट्रेनर के रूप में कार्यरत हैं।

### पुताई करने वाले तीन युवाओं को लगा करंट

**उज्जैन।** रंगाई-पुताई का काम करने वाले 3 युवकों को देर शाम करंट लग गया। तीनों बैंक का लगा बोर्ड निकाल रहे थे, तभी पास से गुजर रहे बिजली के तारों में फाल्ट हो गया। तीनों का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है। इंदिरागांधी प्रतिमा चौराहा से वेदांत पिता जसवंत 20 साल निवासी बालाजी परिसर, राहुल पिता कैलाश जाटवा 23 साल और असलीम पिता बबलू 20 साल निवासी राजेन्द्र नगर नीलगंगा को चरक अस्पताल लाया गया था। तीनों को करंट लगा था, डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उपचार के लिये भर्ती किया। तीनों के साथी विशाल ने बताया कि रंगाई-पुताई का काम करते है। इंदिरागांधी प्रतिमा चौराहा के पास इलाहबाद बैंक के साथ समीप के भवन पर काम कर रहे थे। इस दौरान बैंक पर लगे 2 बोर्ड निकालते समय आसपास से गुजर रहे बिजली के तारों से बोर्ड टकरा गया और फाल्ट होने पर करंट लगा है। गनीमत रही कि तीनों करंट लगने के बाद ऊपर से नीचे नहीं गिरे, वरना बड़ी घटना हो जाती। करंट लगने पर भर्ती किये गये तीनों युवको की सूचना ड्यूटी कम्पाउंडर द्वारा पुलिस को दी गई है।

### स्वास्थ्य की जानकारी लेने घर पहुंचे महापौर

**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शनिवार को नगर निगम में माल विभाग प्रभारी अधिकारी जयसिंह राजपूत के निवास पहुंचकर स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। माल विभाग में कार्यरत जयसिंह राजपूत का विगत कई दिनों से स्वास्थ्य खराब था। साथ ही बीमारी के चलते ऑपरेशन भी करवाया गया। स्वास्थ्य खराब होने की सूचना मिलने पर महापौर ने राजपूत के निवास पहुंचकर उनका हालचाल जाना।

# भगवान चिंतामन ने हर ली उज्जैन की चिंता, गंभीर डेम हुआ लबालब

## 2200 एमसीएफटी क्षमता है और पानी आ गया 1900 एमसीएफटी, यशवंत सागर से मिला गंभीर डेम को फायदा, नर्मदा लाने का मिशन भी हुआ सफल

**उज्जैन। नदिया से दरिया दरिया से सागर से गहरा भगवान चिंतामन का आशीर्वाद रहा है। एक वक्त वह था की बूंद बूंद पानी को तरस रहा था उज्जैन। ऐसा लग रहा था कि शहर वासियों का कंठ सूखने लगा है। हालांकि नर्मदा को उज्जैन लाने का मिशन भी इसी दौर में सफल हो गया और इधर यशवंत सागर से जो पानी बहकर उज्जैन आया उससे भी गंभीर डेम लबालब हो गया। कुल मिलाकर भगवान चिंतामन गणेश ने उज्जैन की चिंता दूर कर दी है और गंभीर डेम लबालब हो गया है।**

नवभारत से चर्चा में पार्षद और जल कार्य समिति के प्रभारी प्रकाश शर्मा ने बताया कि बाबा महाकाल और भगवान चिंतामन गणेश ने जल संकट की चिंता दूर कर दी है। गंभीर डेम में तेजी से बढ़ जलस्तर बढ रहा है। नर्मदा को उज्जैन लाने का मिशन भी सफल हो चुका है और अब कभी भी उज्जैन में जल संकट नहीं रहेगा।

गंभीर डेम प्रभारी प्रवीण कुमार वर्मा ने बताया कि शनिवार शाम तक डेम जरूरत से ज्यादा पानी संग्रहित हो



चुका था। अनुमान है कि रात 12 बजे के बाद पानी की आवक और तेज होगी और रविवार सुबह तक डेम अपनी क्षमता के करीब पहुंच जाएगा।

शहरवासियों को जलप्रदाय करने के लिए करीब 33 साल पहले बना गंभीर डेम 2250 एमसीएफटी की क्षमता वाला है। वर्तमान में यहां से रोज़ाना 7 से 8 एमसीएफटी पानी की सप्लाई की जा रही है। पिछले कई वर्षों से गंभीर डेम को भरने में इंदौर के यशवंत सागर डेम की अहम भूमिका रही है। इस साल बारिश की कमी से अगस्त माह के शुरुआती तीन हफ्तों तक गंभीर में पानी नहीं था और जलसंकट गहराने लगा था। इसके चलते नगर निगम और प्रशासन ने नर्मदा लाइन से पानी लाने की योजना शुरू कर दी थी। मगर इसी बीच प्रदेश में मानसून सक्रिय हुआ और इंदौर समेत आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश से गंभीर में पानी भरने की स्थिति बन गई। स्थानीय जीवाजीराव वेधशाला के अनुसार उज्जैन में औसतन वर्षा का आंकड़ा 36 इंच है। अब तक 23 इंच बारिश दर्ज हुई है, यानी औसतन पूरा करने के लिए अभी भी 13 इंच बारिश की आवश्यकता है। दो दिन से शहर में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। जिससे तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### अबकी बार क्षमता के पार

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गंभीर डेम लबालब होने की ओर है। शनिवार रात तक डेम का जलस्तर 1900 एमसीएफटी पार कर गया और अब हर घंटे करीब 10 सेंटीमीटर की रफ्तार से पानी बढ़ रहा है। डेम की कुल क्षमता 2250 एमसीएफटी है और संभावना जताई जा रही है कि अगले 24 से 36 घंटे में गंभीर पूरी क्षमता तक भर जाएगा।गंभीर डेम में इस बार इंदौर के यशवंत सागर की बड़ी भूमिका रही। लगातार बारिश और गेट खोलने के कारण गंभीर में तेजी से आवक बनी हुई है। यशवंत सागर के गेट जहां खोलने पड़े हैं वहीं यदि ऐसी स्थिति रही तो उज्जैन गंभीर दम के गेट भी खोलने पड़ेंगे क्योंकि पानी की संग्रहण क्षमता 2250 एमसीएफटी है और पानी उसके पार आने वाला है।

### शहर को मिलेगा भरपूर पानी

गंभीर डेम से वर्तमान में प्रतिदिन 7 से 8 एमसीएफटी पानी सप्लाई किया जा रहा है। डेम के लगभग पूरा भर जाने के बाद आगामी एक वर्ष तक शहर की पेयजल जरूरतें आसानी से पूरी हो सकेंगी। जीवाजीराव वेधशाला के अनुसार, इस वर्ष अभी तक 23 इंच वर्षा दर्ज की गई है। जबकि औसतन 36 इंच वर्षा का आंकड़ा होना चाहिए। यानी अभी भी लगभग 13 इंच बारिश की आवश्यकता है। इंदौर के यशवंत सागर डेम से छोड़ा गया पानी एक बार फिर गंभीर डेम को जीवनदान देता दिखाई दे रहा है। शुक्रवार-शनिवार रात 12 बजे यशवंत सागर का गेट खोला गया था, जिसे तीन घंटे बाद बंद कर दिया गया था। लेकिन 18 घंटे बाद शनिवार शाम को दोबारा एक गेट खोला गया, जिससे गंभीर डेम में पानी की तेज आवक शुरू हो गई।

### मिशन नर्मदा हुआ सफल

जलसंकट से निपटने के लिए नगर निगम और प्रशासन ने पहले ही मिशन नर्मदा के तहत नर्मदा लाइन को गंभीर डेम से जोड़ा था। यह लाइन अब पूरी तरह जुड़ चुकी है और पानी की आपूर्ति में बड़ी राहत मिली है। इस कार्य से अब शहर की जनता को जलसंकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। अधिकारियों का कहना है कि नर्मदा लाइन के सफलतापूर्वक जुड़ जाने से अब भविष्य में जल संकट की स्थिति काफी हद तक खत्म हो जाएगी। महापौर मुकेश टटवाल से लेकर जल कार्य समिति के सदस्य प्रकाश शर्मा की इसमें अहम भूमिका रही है। दोनों नेताओं ने नगर निगम सभापति कलावती यादव से लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का इस अभियान के लिए अभी आभार जताया।

# बड़नगर एसडीएम पाराशर को फोन पर मिली धमकी

## पुलिस ने दर्ज किया केस, पीडब्ल्यूडी से जुड़ा मामला

**उज्जैन। बड़नगर एसडीएम के मोबाइल पर आये कॉल के बाद उन्हे धमकी दी गई। कॉल करने वाले का कहना था कि तुम्हे देख लेंगे। एसडीएम ने लिखित शिकायत आवेदन दिया। पुलिस को केस दर्ज कर जांच शुरू की है।**



बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि एसडीएम धीरेन्द्र पाराशर ने लिखित आवेदन देकर बताया था कि उनके मोबाइल पर एक नम्बर से कॉल आया था, काल करने वाले ने धमकी देते हुए कहा कि तुम्हे देख लेगें। उसके द्वारा फोन पर ही काफी अभद्रता की गई। कॉल करने वाले का कहना था कि एसडीओ पीडब्ल्यूडी का मामा बोल रहा हूं। आवेदन पर जांच के बाद मामले में कॉल कर धमकी देने वाले के खिलाफ धारा 221, 351 (4) बीएनएस में केस दर्ज किया गया है। पूरा मामला पीडब्ल्यूडी महिला एसडीओ से जुड़ा होना सामने आया है। विगत दिनों एसडीएम पाराशर ने कार्य में लापरवाही करने और कार्य से संतुष्ट नहीं होने पर एसडीओ के खिलाफ एक प्रतिवेदन बनाकर जिलाधीश को दिया था। जिसके बाद ही उन्हें धमकी भरा कॉल आया है। पुलिस के अनुसार चार्ट में पता चला है कि धमकी भरा कॉल भोपाल से किया गया है।

### रेलवे पटरियों पर मिली युवक की लाश

उज्जैन। बड़नगर मार्ग रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार सुबह एक युवक की लाश पड़ी होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे। युवक के सिर में गहरी चोट के निशान से संभावना जताई गई कि चलती ट्रेन से गिरा है या फिर उसने ट्रेन से टकराकर आत्महत्या की है। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि बड़नगर मार्ग मोहनपुर के समीप रेलवे क्रॉसिंग पर सुबह 9 बजे के लगभग एक युवक की लाश पड़ी होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। मृतक 24-25 साल का होना सामने आया सिर में गहरी चोट लगने पर उसकी मौत हुई थी। पहचान के लिए उसकी तलाशी ली गई लेकिन पेट और शर्ट से कोई दस्तावेज नहीं मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर किसी ने उसकी पहचान नहीं की। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा। 36 घंटे में पहचान नहीं होने पर पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

### गाय से हुई भिड़ंत में घायल युवक की मौत

उज्जैन। बाइक पर सवार युवक के सामने गाय आ गई। भिड़ंत में युवक गंभीर घायल हो गया उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया चार दिन बाद उसकी शनिवार सुबह मौत हो गई। माकड़ोन के नांदेड़ का रहने वाला लखन पिता बाबूलाल चौहान 25 अगस्त की रात रूपाखेड़ी अपनी मां को लेने के लिए जा रहा था। रास्ते में उसकी बाइक के सामने दौड़ती हुई गाय आ गई। भिड़ंत में बाइक सवार लखन गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। परिजन अस्पताल पहुंचे और हालत गंभीर देख आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज ले गए। 4 दिन चले उपचार के बाद शनिवार तड़के लखन की मौत हो गई। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। मामले की जांच माकड़ोन थाना पुलिस को भेजी जाएगी।

# महापौर टटवाल ने फूलडोल चल समारोह मार्ग का निरीक्षण किया

## 3 सितंबर को फूलडोल चल समारोह निकाला

**उज्जैन। 3 सितंबर मंगलवार को डोल ग्यारस के अवसर पर शहर में फूलडोल चल समारोह निकाला जाएगा। जिसमें बैरवा समाज द्वारा मक्सी रोड स्थित किशनपुरा मंदिर से निकाले जाने वाले चल समारोह की व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निगम अधिकारियों एवं समाज के वरिष्ठजन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में संपूर्ण मार्ग का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक व्यवस्थाएं जिसमें पथ प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, मार्ग पर पेंचवर्क कार्य किया जाना, अतिक्रमण हटाए जाने, झाड़ियों की ट्रीमिंग करने एवं पेयजल की व्यवस्था करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए।**

चल समारोह का मार्ग किशनपुरा मंदिर से प्रारंभ होकर मक्सी रोड, अशोक नगर, सांदीपनि चौराहा, शहीद पार्क, दुर्गा प्लाजा, तीन बत्ती, टावर चौक, ग्रांड होटल, चामुंडा माता, मालीपुरा, नई सड़क, कंठाल, सती गेट, गोपाल मंदिर, ढाबा रोड, खजूर वाली मस्जिद, अब्दालपुरा, जीवाजीगंज, भैरुनाला से होकर अंकपात मार्ग पर समापन होगा। संपूर्ण मार्ग पर निगम द्वारा समुचित व्यवस्थाएं के लिए महापौर द्वारा निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य जितेंद्र कुवाल, प्रकाश शर्मा, शिवेंद्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर, दुर्गा चौधरी, सुरेंद्र मेहर, अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह, संतोष टैगोर, उपायुक्त संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, यातायात डीएसपी दिलीप सिंह परिहार, विक्रम सिंह एवं समाज के वरिष्ठ जन राजेश जारवाल, बाबूलाल गौठवाल, सुनील गौठवाल, लालचंद भारती, निखिल गोठवाल, कमलेश मरमट, जितेंद्र सिसोदिया, नाना तिलकर उपस्थित रहे।

# व्यापारी दुकान बंद करने के बाद सड़कों पर कचरा ना डालें : मिश्रा

**उज्जैन।** शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों में प्राय: यह देखने में आ रहा है कि दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान बंद करने के पश्चात दुकानों के बाहर सड़कों पर खुले में कचरा डाल दिया जाता है। जिससे शहर की स्वच्छता एवं सुंदरता प्रभावित होती है।

यह बात निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कही गई साथ ही यह भी निर्देशित कि अब से शहर की सड़कों पर खुले क्षेत्रों में कचरा बिल्कुल भी नहीं दिखना चाहिए। इसके लिए व्यावसायिक क्षेत्र में रात्रि कालीन नगर निगम के अधिकारी कमर्शियल क्षेत्र में भ्रमण करते हुए दुकानदारों को समझाइश देने का कार्य करेंगे कि दुकान बंद करने के पश्चात सड़कों पर खुले में कचरा ना डालें। इससे शहर की सुंदरता प्रभावित होती है। हमारा उज्जैन शहर सुपर स्वच्छता लीग में प्रथम आया है। इस बात का भी ध्यान रखें यदि समझाइश के बाद भी दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डाला जाता है। तो संबंधित पर चालानी कार्रवाई करने से भी निगम के अधिकारी अब पीछे नहीं हटेंगे। इसलिए दुकानदारों को अपनी दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने एवं उसी में कचरा डालने की समझाइश दें।

नगर निगम आयुक्त द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली कचरा गाड़ियों की संख्या की जानकारी ली गई। जिसमें बताया गया कि वर्तमान में निगम द्वारा 90 से अधिक डोर टू डोर वाहनों का संचालन स्वयं द्वारा किया जा रहा है। आयुक्त द्वारा निर्देशित किया कि आवश्यकता अनुसार वाहनों की संख्या भी बढ़ाई जाकर वार्डों में रूट चार्ट के अनुसार कचरा संग्रहण हो, कोई भी क्षेत्र कचरा कलेक्शन से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस बात का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसके लिए स्वच्छता निरीक्षक अपने दरोगा एवं मेट के साथ वार्डो का माइक्रो प्लान के अनुसार निरीक्षण करेंगे।

रात्रि कॉलिंग शहर की सफाई व्यवस्था के लिए प्रमुख धार्मिक स्थलों, प्रमुख क्षेत्र में सफाई कर्मचारी तैनात रहेंगे, प्रतिदिन उज्जैन शहर में हजारों की तादाद में श्रद्धालु एवं यात्रीगण आते हैं।बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संतोष टैगोर, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहे।

# प्रेस क्लब पर पुलिस अधीक्षक शर्मा व भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने पूजन व आरती की



**उज्जैन।** प्रेस क्लब तरणताल कोठी रोड कार्यालय पर गणेशोत्सव के अंतर्गत स्थापित भगवान गणेश जी की प्रतिमा पर शनिवार को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा व भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने पूजा अर्चना की जाकर महाआरती की गई। तत्पश्चात प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल हाड़ा ने मोतियों की माला एवं महाकाल बाबा का अंग वस्त्र ओढ़ाकर आत्मीय अभिनंदन किया। पूजन व आरती के दौरान प्रेस क्लब के सदस्य सहित करीब चार दर्जन से अधिक पत्रकार गण शामिल थे।


**बाबा का श्रृंगार ...** मंदिर प्रबंध समिति मंगवा रही इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटा, शीघ्र शुरू होगी नई व्यवस्था

# भगवान महाकाल के श्रृंगार के लिए भांग अब पुजारी को कांटे से तौल कर देंगे

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल के श्रृंगार में लगने वाली भांग को अब मंदिर प्रबंध समिति पुजारियों को तोल कर देगी। ताकि तय से अधिक मात्रा में श्रृंगार के दौरान भांग का उपयोग नहीं किया जा सके। अभी श्रृंगार के लिए पुजारी खुद बाजार से भांग लेकर आते हैं और इसका उपयोग करते हैं। लेकिन उक्त भांग कितनी होती है इसे कोई चेक नहीं करता है।

यह बात अलग है कि पुजारी मंदिर प्रबंध समिति के नियम का पालन करते हुए तय मात्रा में 3 किलो से अधिक भांग नहीं लाते हैं। लेकिन पिछले दिनों भांग राजसी सवारी के दौरान संध्या आरती से पूर्व गर्भगृह में भगवान महाकाल का भांग श्रृंगार गिरने के



बाद इसे लेकर एक नया विवाद शुरू हो गया है। कोई कह रहा है कि भांग ज्यादा मात्रा में उपयोग की गई। इससे श्रृंगार गिरा तो कोई यह कह रहा है कि महाकाल का भांग से श्रृंगार करने का विधान ही नहीं है। ऐसे में समिति ने निर्णय लिया है कि इस तरह के अनावश्यक विवाद से बचने के लिए क्यों न श्रृंगार के लिए पुजारियों को भांग तौल कर दी जाए। इसके लिए समिति ने इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटा मंगवाया है। जल्द ही यह नई व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी। इसे लेकर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने कहा कि अभी तक पुजारी स्वयं भांग लाकर श्रृंगार करते आए है। लेकिन अब समिति इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से भांग तोलने के बाद पुजारी को देगी।

### डॉ. मोहन गुप्त बोले- भांग श्रृंगार का शास्त्र में उल्लख नहीं

मंदिर में पिछले दिनों भांग श्रृंगार गिरने का मामला सामने आने के बाद उज्जैनीय विद्वत परिषद ने बयान जारी कर कहा है कि भगवान महाकाल का भांग श्रृंगार तत्काल बंद कर देना चाहिए। परिषद के अध्यक्ष एवं उज्जैन में संभागायुक्त रहे डॉ. मोहन गुप्त ने कहा कि यहां किसी भी शास्त्र में भांग से श्रृंगार करने का कोई उल्लेख नहीं मिलता है। इससे शिवलिंग का क्षरण यानी नुकसान हो रहा है। पुजारी पैसा कमाने के लिए, अपने यजमानों को खुश करने के लिए बड़ी मात्रा में शिवलिंग पर भांग चढ़ा रहे हैं।



### पुजारी ने कहा -साल 1978 के पहले से महाकाल को चढ़ रही भांग

भांग नहीं चढ़ाने के विषय पर महाकाल मंदिर के महेश पुजारी ने कहा कि हर चीज वेद और पुराण में नहीं मिलेगी। मंदिर के पुजारी न्यायालय की गाइड लाइन के अनुसार ही प्रतिदिन होने वाले श्रृंगार में भांग अर्पित करते हैं। श्रृंगार के दौरान भांग गिरना एक सामान्य और प्राकृतिक घटना हो सकती है। गर्भगृह में मौसम के अनुसार नमी बनी रहती है। इसलिए कई बार श्रृंगार गिर जाता है। ऐसा पहले भी हो चुका है। यह भी स्पष्ट कर दे कि सन् 1978 के भी पहले से महाकाल को भांग चढ़ाई जा रही है।

